*वॉल्यूम 15*

DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट परिवार को नमस्कार,

पिछले सोमवार, मैंने DeKalb काउंटी शिक्षा बोर्ड (BOE) को ताज़ा जानकारी से अवगत कराया था। इस चर्चा का मुख्य विषय था आमने-सामने की शिक्षा में वापस लौटने की हमारी योजना में हमारी मौजूदा स्थिति क्या है।

इस बैठक में, मैंने BOE को बताया कि DeKalb काउंटी समुदाय में कोविड-19 से जुड़े मामलों में उतनी कमी नहीं आई है कि हमारा स्टाफ, शिक्षक, और विद्यार्थी आमने-सामने की शिक्षा में वापस लौट पाएं। जैसा कि डिस्ट्रिक्ट ने लगातार पिछले कुछ माह के दौरान अपनी स्थिति को स्पष्ट करते हुए बताया है कि स्कूल फिर से खोलने की हमारी योजना के अगले चरण में प्रवेश करने की एक अनिवार्य शर्त यह है कि औसतन 14 दिन की अवधि में प्रति 100,000 व्यक्तियों में समुदाय संक्रमण स्तर 100 से कम मामलों तक जाना चाहिए। हम फिर से दोहरा रहे हैं कि, हम अपनी योजना पर अडिग हैं जिसके तहत हमारे विद्यार्थियों और स्टाफ की सुरक्षा सर्वोपरि है।

CDC ने गतिशील स्कूल निर्णय सृजन आलेख जानकारी के लिए संकेत जारी किए हैं

| संकेत | स्कूलों में संचरण का न्यूनतम जोखिम | स्कूलों में संचरण का निम्न जोखिम | स्कूलों में संचरण का औसत जोखिम | स्कूलों में संचरण का अधिक जोखिम | स्कूलों में संचरण का अधिकतम जोखिम |
|---|---|---|---|---|---|
| पिछले 14 दिनों* के भीतर प्रति 100,000 व्यक्ति नए मामलों की संख्या | <5 | 5 से <20 | 20 से <50 | 50 से ≤200 | >200 |
| पिछले 14 दिनों** के दौरान RT-PCR परीक्षणों में आए पॉज़िटिव नतीजों का प्रतिशत | <3% | 3% से <5% | 5% से <8% | 8% से ≤ 10% | >10% |
| स्कूल की 5 मुख्य शमन रणनीतियों के क्रियान्वयन की क्षमता:<br>• मास्क का निरंतर और सही उपयोग<br>• जितना अधिक संभव हो सोशल डिस्टेन्सिंग<br>• हाथों की स्वच्छता और श्वसन प्रक्रिया<br>• सफाई और कीटाणु नाशन<br>• स्थानीय स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से कांटैक्ट ट्रेसिंग | सभी 5 रणनीतियों के सही से और एक समान रूप से क्रियान्वित किया | सभी 5 रणनीतियों के सही से और एक समान रूप से क्रियान्वित किया | 3-4 रणनीतियों के सही से और एक समान रूप से क्रियान्वित किया | 1-2 रणनीतियों के सही से और एक समान रूप से क्रियान्वित किया | किसी भी रणनीति को क्रियान्वित नहीं किया |

*पिछले 14 दिनों के भीतर प्रति 100,000 व्यक्ति नए मामलों की संख्या की गणना पिछले 14 दिनों में काउंटी (या अन्य समुदाय प्रकार) में नए मामलों की संख्या का विभाजन काउंटी (या अन्य समुदाय प्रकार) की आबादी से करने के बाद 100,000 से गुणा कर किया जाता है।

इन ताज़ा संशोधित दिशानिर्देशों की समीक्षा करने और महामारी के दौरान स्कूल के सुरक्षित संचालन के लिए सर्वश्रेष्ठ अभ्यास स्थापित करने के लिए मैं DCSD कोविड-19 से मुलाक़ात करती रहूँगी। हम अपनी रखरखाव और सुविधा टीम के साथ भी सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं ताकि स्कूल फिर से खोलने से पहले स्वच्छता और HVAC प्रणालियों के लिए उचित प्रोटोकॉल सुनिश्चित की जा सकें।

कोविड-19 पुनःआरंभ टास्क फोर्स DeKalb काउंटी और Georgia के लिए मौजूदा रुझानों से संबंधित डेटा पर निगरानी रखने के लिए प्रतिदिन दोपहर 3:00 बजे GDPH की वेबसाइट जांचती है। डिस्ट्रिक्ट GDPH द्वारा रिपोर्ट किए डेटा की गणना नहीं करता है या डेटा के बारे में कोई अनुमान नहीं लगाता है। यदि आप जानकारी प्राप्त करना चाहते हैं, तो इन चरणों का पालन करें:

1. मौजूदा जानकारी देखने के लिए दोपहर 3:00 बजे के बाद https://dph.georgia.gov/covid-19-daily-status-report पर जाएं।
2. Georgia का नक्शा प्रदर्शित करने वाले अनुभाग पर स्क्रॉल करते हुए जाएं।

3. दैनिक आंकड़े देखने के लिए DeKalb काउंटी के ऊपर होवर करें।
4. यदि आप ऐतिहासिक डेटा देखना चाहते हैं, तो आप कैलेंडर ड्रॉप-डाउन मेनू पर माह और दिन का चयन कर तारीख बदल सकते हैं।

**समुदाय सहभागिता**

DeKalb PTA काउंसिल की पतझड़ ऋतु वर्चुअल बैठक के साथ-साथ प्रिंसिपल टाउन हॉल में उपस्थित होने के लिए आप सभी का धन्यवाद। आपका फीडबैक और पारदर्शिता बहुमूल्य है और हम अपने स्टाफ और विद्यार्थियों को सुरक्षित रखने से जुड़े उपायों पर जानकारी देने के लिए वर्चुअल रूप से सहभागिता जारी रखेंगे। इसके अलावा, हम अपने आयुक्त सुश्री Amanee Salahuddin और Flat Rock एलिमेंटरी में उनके आला दर्जे के विद्यार्थियों का विशेष धन्यवाद करना चाहेंगे जिन्होंने हमारे विद्यार्थियों के ऊपर कड़ी मेहनत और लगन से काम किया।

**लेखा परीक्षित वित्तीय रिपोर्ट**

मुझे यह जानकारी देते हुए प्रसन्नता हो रही है कि डिस्ट्रिक्ट ने वित्त वर्ष 2018 और 2019 के लिए हमारी लेखा परीक्षित वित्तीय रिपोर्ट प्राप्त कर ली हैं। इन रिपोर्टों में डिस्ट्रिक्ट की वित्तीय गतिविधियों के ऊपर अपरिवर्तित राय प्रदान की गई है। डिस्ट्रिक्ट की वित्तीय गतिविधियों में पारदर्शिता प्रदान करने के लिए अपनी आंतरिक लेखा परीक्षा और रिपोर्टिंग प्रक्रियाओं में सुधार लाना मेरे और BOE के लिए अनिवार्य तौर पर महत्वपूर्ण है।




***वापसी की इच्छा फॉर्म* का वितरण** 9 और 21 अक्तूबर को किया गया था ताकि माता-पिता/अभिभावक प्रत्येक बच्चे के लिए अपनी पसंद का विकल्प चुन पाएं। इन प्रतिक्रियाओं से स्थानीय स्कूलों को विद्यार्थियों को छोटे समूहों में व्यवस्थित करने में मदद मिलेगी जिससे कि हाइब्रिड शिक्षा के दौरान कक्षाओं में सोशल डिस्टेन्सिंग की आवश्यकताओं को कायम रखा जा सके और उन विद्यार्थियों के लिए योजना बनाई जा सके जो चरण III के आरंभ होने पर घर से वर्चुअल तौर पर पढ़ाई जारी रखेंगे। कृपया वापसी की इच्छा फॉर्म को भरने के लिए नीचे दिए लिंक पर क्लिक करें, जो कि हमारी शीर्ष 15 भाषाओं में भी उपलब्ध है।

लिंक: https://dekalb.co1.qualtrics.com/jfe/form/SV_cO7CQFP10BWfwuF

मैं जानती हूँ कि अनेक परिवारों ने पूछा है कि कोविड-19 के प्रति हमारी प्रतिक्रिया और स्कूल फिर से खोलने से संबंधित ताज़ा जानकारी कहाँ प्राप्त की जा सकती है। इस संसाधन की समीक्षा अवश्य करें, जिसमें उन सभी भिन्न विधियों की जानकारी दी गई है जिनके जरिए हम ताज़ा जानकारी प्रदान करते हैं। हम उन माता-पिता के लिए भी अनुवादित पत्राचार के विकल्प प्रदान करते हैं जिनकी मातृ भाषा अंग्रेज़ी नहीं है और उन्हें हमारे स्कूल मेसेंजर उपकरण में पसंदीदा भाषा चुनने की क्षमता प्रदान करते हैं।

**बच्चों के लिए नए चैम्पियन**

इस सप्ताह हमारे साथ जुड़े नए टीम सदस्यों (मुख्य परिचालन अधिकारी, मुख्य वित्तीय अधिकारी, और समुदाय सशक्तिकरण, नवाचार, और भागीदारी उप-अधीक्षक ) का स्वागत है। वीरवार, 15 अक्तूबर को उनका परिचय औपचारिक तौर पर उनकी टीमों से कराया गया, और आगे की यात्रा तय करने में उनका साथ प्राप्त कर हमें बहुत खुशी हो रही है।

**हमारे विद्यार्थी**

वर्तमान में Au'Niyah Miller Grove के पाक कला कार्यक्रम का हिस्सा हैं। पिछले सप्ताह DeKalb काउंटी के अनुदान संचयन रात्रि भोज में भाग लेने के लिए उनका चयन उनके शिक्षक और Georgia आतिथ्य शिक्षा फाउंडेशन (HEFG) ने किया था। DCSD का प्रतिनिधित्व बहुत बढ़िया तरीके से करने और पाक कला कार्यक्रम में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन को जारी रखने के लिए हम Au'Niyah का धन्यवाद करते हैं। शाबाश!

मैं यह भी बताना चाहती हूँ कि 14 अक्तूबर को, हमारे 10वीं और 11वीं ग्रेड के विद्यार्थियों को PSAT/NMSQT में भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ। उसमें भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों, स्कूल लीडरों, और परीक्षकों को सफल आयोजन करने के लिए विशेष तौर पर धन्यवाद। हम परिवहन विभाग का भी धन्यवाद करना चाहते हैं जिसने सभी पंजीकृत विद्यार्थियों के मार्ग का निर्धारण किया और उन्हें सुरक्षित रूप से उनके स्थान से लेने के बाद संबंधित स्कूलों में छोड़ा। दूसरे PSAT/NMSQT का आयोजन पंजीकृत विद्यार्थियों के लिए 29 अक्तूबर को किया जाएगा। PSAT/NMSQT का दूसरी बार आयोजन सुरक्षित और सफल रहे ऐसी हम आशा करते हैं।

स्कूल वर्ष में आगे का सफर तय करते हुए निरंतर धैर्य रखने और विनीत भाव व्यक्त करने के लिए मैं दिल से आभारी हूँ। हमेशा की तरह, मैं अपने विद्यार्थियों की सुरक्षा और अकादमिक उत्कृष्टता के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित रहूँगी।

आपकी #1 चीयरलीडर,

Cheryl Watson-Harris